**बीजों का विकास**

263. **श्री कनक सिंह मोहनसिंह मंगरोला:**

**श्री आस मोहम्मद :**

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) गत तीन वर्षों के दौरान भारतीय वैज्ञानिकों द्वारा विकसित बीजों की किस्मों की संख्या कितनी हैं ;

(ख) ये बीज कौन-कौन से हैं; और

(ग) इस अवधि के दौरान बीजों के विकास पर कितनी राशि व्यय की गई है ?

**कृषि मंत्री (श्री बलराम जाखड़):** (क) भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के तत्वाधान में वैज्ञानिकों द्वारा गत 3 वर्षों के दौरान भिन्न-भिन्न फसलों के बीजों की 452 किस्में तैयार की है ।

(ख) तैयार की गई इन किस्मों के नाम अनुपत्र में दिए गए हैं [**देखिए** परिशिष्ट 173] अनुपत्र सं० 60

(ग) गत तीन वर्षों के दौरान भा० कृ० अ० परिषद के संस्थानों और कार्यक्रमों पर हुए खर्च का ब्यौरा अनुपत्र में दिया गया है । इस खर्च में बीज विकसित करने में हुआ खर्च भी शामिल है । [**देखिए** परिशिष्ट 1731 अनुपत्र सं. 61]

**कृषि क्षेत्र में दी जाने वाली राज सहायता को समाप्त किया जाना**

*264. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय:**

**श्री अन्नतराम जायसवाल:**

क्या कृषि मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि सरकार कृषि क्षेत्र में दी जाने वाली राज-सहायता (सब्सिडी) समाप्त करने पर विचार कर रही है ; और

(ख) यदि हां तो इस के क्या कारण हैं और चावल तथा गेहूं की परम्परागत खेती करने वाले किसानों पर इसका क्या प्रभाव पड़ने की संभावना है ?

**कृषि मंत्री (श्री बलराम जाखड़):** (क) इस समय कृषि क्षेत्र को दी जा रही राजसहायता को बन्द करने का कोई प्रस्ताव नहीं है ।

(ख) यह प्रश्न नहीं उठता ।

**Effect of Tobacco legislation on Tamil Nadu Farmers**

*266. SHRI V. RAJAN CHELLAPPA:
SHRI S. AUSTIN:

Will the Minister of AGRICULTURE be pleased to state:

(a) whether it is a fact that his Ministry has decided to bring legislation which would a affect tobacco workers in Tamil Nadu and tobacco farmers;

(b) what are the reasons for trying to create unemployment in Tamil Nadu in the agriculture sector;

(c) whether Government will review its decisions which would negatively affect employment and economy of Tamil Nadu; and

(d) what steps will be taken to establish an Expert Committee to review such policies affecting farmers all over the country?

THE MINISTER OF AGRICULTURE (SHRI BALRAM JAKHAR) (a) No, Sir. The Ministry of Health and Family Welfare has however, proposed an enactment of a legislation to discourage the use of Tobacco and tobacco products.

(b) and (c) No unemployment or adverse effect on economy is likely to result, as these lands are likely to be brought under alternative cropping system technology.

(d) At present, there is no proposal under consideration in this Ministry to set up an Expert Committee in this connection.